हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025
[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]

# इतिहास दोहराया गया : NEET TOPPER फिर APEX से


Apex
Educate Medical Aspirants

## APEX CLASSES

A Premier Institute for NEET/AIIMS

An Institute for Medical Aspirants

### 1st C.G. STATE TOPPRER




**DARSHIT JAIN**
AIR- 524, MARKS-618

Hello
I am Darshit Jain, a student, like many others who gave NEET on 4 May, 2025. I secured AIR 524 and State Rank 1 in the examination. I wish to express my gratitude to my parents and my teachers. My biology teachers, Ashutosh sir and Vinay sir are nothing short of exceptional. Their teaching prowess is one of a kind which is reflected in the love of the subject they teach. I was a regular two year classroom student at Apex classes and it is one of the best decisions I made

I owe my success to my wonderful parents and teachers.
Darshit Jain

I am Khushhaal Dhameja. I gave my NEET on 4th may, 2025 in which I secured AIR- 1009. I am extremely grateful to my mother, sister & my teachers. Both Ashutosh Sir's & Vinay Sir's teaching approach were exceptional. Their guidance & expertise have been invaluable for me. They have made a lasting impact on my academic journey. I was a regular two year classroom student at Apex classes & it is one of the best decisions I made.

I owe my success to my wonderful family & teachers.
15/06/25



**KHUSHHAL DHAMEJA**
AIR- 1009, MARKS-606



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| SIMONE BAGARIA | OJASWI JAIN | NISHANT BHAT | SRIJAN CHATTERJEE | SAKSHI THAKUR | AKSHAT PURI |
| AIR- 1239, MARKS-602 | AIR- 1650, MARKS-596 | AIR- 5818, MARKS-568 | MARKS-552 | MARKS-538 | MARKS-535 |



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| AKANSHA SUNOV | RASHI CHANTARE | JALAJ SINHA | SHRUTI SINGROL | MEENAL SAHU | ISHITA YASHWANT |
| MARKS-524 | MARKS-508 | AIR- 505 | AIR- 504 | AIR- 501 | AIR- 501 |



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| SAMBHAVANA SINGH | KHUSHBOO SONI | HIMANSHU SONI | PAKHI NAYAK | BHAVIKA MARKANDEY |
| MARKS-500 | MARKS-481 | AIR- 480 | AIR- 455 (ST) | AIR- 427 (SC) |

**ADMISSION OPEN**
**DROPPER**
**11th**

## NEET 2017 - 2024

**Think AIIMS - Join APEX**



| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| DR. MRINAL DEWANGAN | DR. BHASKAR SAHU | DR.HARSHITA DOKANIA | DR.RITWIK JAIN | DR. SAURABHI JHA | DR. GAGAN DALAL | PRANJAL UPADHYAY | BISHEN SINGH BAKSHI | AADIL SINHA | ABHINAV SAHU | MUKUL SHRIVASTAVA | ATHARV SHRIVASTAVA | RAGHWENDRA KOSARE |
| AIIMS DELHI | AIIMS DELHI | AIIMS, RAIPUR | AFMC-PUNE | AIIMS BHOPAL | AIIMS DELHI | MAMC NEW DELHI | AIIMS BHOPAL | AIIMS HYDERABAD | AIIMS NAGPUR | AIIMS DEOGHAR | AIIMS MADURAI | AIIMS BHOPAL |

168, New Civic Centre, Bhilai, (C.G.), Ph.: 0788-4012399 Mob.: 9893239600, 9981359947, 7000593845

Deepak Advertisers

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 16 जून 2025

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

12 मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने...



14 लक्ष्य पाने की जिद से मिलती है सफलता : सांसद चौधरी





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

# प्रशासन से निराश राजापड़ाव के युवा, जन सहयोग से शुरू की जर्जर पुलिया की मरम्मत

## ग्रामीण मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसते हुए, वर्षों की मांग से हुए निराश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के राजापडाव गौरगांव ईलाके ग्रामीण आजादी के बाद से पुल, पुलिया सड़क के लिए लंबे समय से आंदोलन कर रहे है और लगातार शासन प्रशासन से गुहार लगाने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होने से अब ग्रामीण स्वंय श्रमदान कर चंदा कर पुल पुलिया का मरम्मत कार्य करने में लगे हैं। चुनी हुई सरकार से क्षेत्र के ग्रामीणों ने मूलभूत सुविधा मिले इस दिशा में वर्षो से मांग करते-करते थक हार जाने के कारण आखिरकार जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के बैठक में निर्णय लेकर शासन प्रशासन से एक कदम आगे बढ़कर राजापड़ाव से गौरगांव जाने वाली पक्की सड़क मार्ग पर शुक्लाभांठा बाग नाला पुलिया जर्जर हो जाने से बरसात के दिनों में पूर्ण रूपेण आवागमन बाधित होने की संभावना है। सरकार तो पुलिया निर्माण कराने लेट लतीफ कर रही है। भारी परेशानी तो राजापड़ाव क्षेत्र वासियों को उठाना पड़ेगा, सबके जन सहयोग समर्थन से युवाओं ने जर्जर शुक्लाभांठा, बागनाला पुलिया के मरम्मत के दिशा में काम करना शुरू कर दिया गया एक-दो दिन में कार्य पूर्ण भी हो जाएगी। बरसात के दिनों में दैनिक सामग्रियों सहित खेती किसानी के लिए खाद बीज, बच्चों के पढ़ाई, मैनपुर मुख्यालय से संपर्क टूटना, आवाजाही मे होने वाली भयंकर दिक्कतों को देखकर युवाओं ने साहसिक कदम उठाया है। जिनका चर्चा ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### विधायक ने बाइक से गिरी महिला को पहुंचाया अस्पताल



**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव रविवार को बिन्द्रानवागढ़ से खम्हारीपारा होते हुए पीपरछेडी के गांव में जनसम्पर्क करने जा रहे थे। इस दौरान मोटर सायकल में जा रहे एक महिला मोटर साइकिल के अनियंत्रित होकर जंगल में गिर गई और घायल हो गई थी। घायल महिला को देखकर विधायक जनक ध्रुव ने तत्काल जंगल के भीतर अपना गाड़ी को रोककर उनका हाल चाल ओडिसा निवासी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई थी जिसे तत्काल अस्पताल पहुंचवाया और अस्पताल में फोन कर उनकी ईलाज की व्यवस्था की। इसी मार्ग में कुछ दूर आगे बढ़ने के बाद आंधी- तूफान के चलते पेड़ गिर गए। पेड़ गिरने से तीन चार बिजली के पोल और तार टूट गए। आवगमन बाधित हो गया विधायक जनक ध्रुव ने रूककर पेड़ को कटवाकर आवगमन को सुचारू करवाया।

### गिरीश बने यूथ कांग्रेस सोशल मीडिया के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

**मैनपुर।** बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत भतराबाहली ग्राम खलियाभाठा के निवासी



गिरीश कुमार बघेल को प्रदेश यूथ कांग्रेस सोसल मीडिया प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। यह नियुक्ति युवा कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु, चिब युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, युवा कांग्रेस सोसल मीडिया के पूर्व चेयरमैन अनूप वर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश सह संयोजक योगेंद्र पटेल द्वारा नियुक्ति किया गया। बघेल के नियुक्ति पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं साथी ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

### कनसिंघी सचिव प्रवीण को नम आंखों से विदाई



**रसेला।** ग्राम पंचायत कनसिंघी मे लगभग 16 वर्षो से कार्यरत पंचायत सचिव श्री प्रवीण साहू अध्यक्ष पंचायत सचिव संघ जिला गरियाबंद को अन्यत्र स्थानांतरण हो जाने के कारण रविवार को ग्राम पंचायत कनसिंघी में विदाई समारोह रखा गया। जिसमें साहू पुष्प माला एवं साल श्री फल देकर विदाई कार्यक्रम संपन्न किया गया सांथ मे नवीन सरपंच एवं पंचों द्वारा सचिव को गुलदस्ता एवं पंचायत पदाधिकारीयों के सांथ फोटो भेंट किया गया। प्रवीण साहू ने कहा की भले ही मेरा जन्म बेलर मे हुआ हो लेकिन मेरा कर्मभूमि कनसिंघी है कनसिंघी के मां शीतला एवं ग्रामवासियो के आशीर्वाद से मैंने बहुत उपलब्धि हांसिल की है भले ही मेरा स्थानांतरण अन्य जगह हो लेकिन मै हमेशा कनसिंघी के ग्रामीणों के सुख दुख मे सांथ रहूँगा सरपंच भोजराज नागेश ने कहा की प्रवीण साहू जैसे सचिव का नेतृत्व मिलना गर्व की बात है कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से सरपंच भोजराज नागेश ▶▶|शेष पेज 12 पर

## विडंबना : खुले आसमान के नीचे या झोपड़ियों में फिर होगा स्कूल का संचालन

# चार गांवों में स्कूल भवन नहीं, 3 दर्जन से ज्यादा जर्जर; बदहाली में है स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा लाखों करोड़ों रूपये पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है ताकि हर बच्चे को शिक्षा हासिल हो सके और आज 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होना है लेकिन आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में चार गांव में ऐसे स्कूल है जहां आज तक भवन का निर्माण नहीं किया गया है जिसके कारण आदिवासी कमार जनजाति के बच्चें या तो पेड़ के नीचे शिक्षा ग्रहण करने मजबूर हो रहे है या फिर झोपड़ियों में पढ़ाई करते हैं और तो और इन ग्रामों में आज तक जिला शिक्षा अधिकारी की बात तो छोड़ दीजिए ब्लॉक स्तर के भी शिक्षा अधिकारी नहीं पहुंच पाए हैं, वहीं मैनपुर विकासखण्ड में तीन दर्जन से ज्यादा ऐसे स्कूल भवन है जो बेहद जर्जर हो गया है और जान जोखिम में डालकर बच्चे पढ़ाई करने मजबूर होते हैं,

मैनपुर विकासखण्ड के कुल्हाड़ीघाट ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम जो पहाड़ी के ऊपर बसा है विशेष पिछड़ी कमार जनजाति ग्राम ताराझर, कुर्वापानी, ▶▶|शेष पेज 12 पर

### स्कूल भवन का निर्माण कार्य जारी

सर्व शिक्षा अभियान के विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक शिवकुमार नागे ने बताया कि कुर्वापानी, ताराझर, भालूडिग्गी, मटाल में स्कूल भवन नहीं है इसकी जानकारी कई बार अधिकारियों को दिया जा चुका है, उन्होने बताया कि तीन दर्जन से ज्यादा स्कूल भवन बेहद जर्जर स्थिति में कई जगह स्कूल भवन का निर्माण कार्य चल रहा हैं।



### स्वीकृति के लिए फाइल भेजी गई

विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल ने बताया की कुल्हाड़ीघाट के आश्रित ग्रामों में नया स्कूल भवन स्वीकृति के लिए फाईल भेजा जा चुका है, उन्होने बताया कि यहां झोपड़ियों में स्कूल भवन का संचालन किया जाता है।

### झोपड़ी में कक्षाएं संचालित हो रहा

ताराझर प्राथमिक शाला में 20 छात्र- छात्राएं है भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था लेकिन आज तक 15 वर्षों में पूरा नहीं हुआ, कुर्वापानी मे स्कूल भवन ही नहीं है, भालूडिग्गी में एक भवन टीन शेड़ का बनाया गया था जिसे दो साल पहले जंगली हाथियों के दलो ने तोड़फोड़ कर तहस-नहस कर दिया। यही स्थिति ग्राम मटाल की है इन चारों स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षक की तैनाती की गई है लेकिन भवन नहीं होने के कारण खुले आसमान के नीचे या फिर किसी ग्रामीण के झोपड़ी में कक्षाएं संचालित हो रहा है ऐसा नहीं कि इसकी जानकारी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को न हो हर बार बैठक मे यहां स्कूल भवन निर्माण के लिए कार्ययोजना तो बनाया जाता है लेकिन अभी तक इसे अमलीजामा नही पहनाया गया है। जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम कुल्हाड़ीघाट को प्रदेश सहित पूरे देश में जाना जाता है क्योकि मैनपुर तहसील मुख्यालय से 18 किमी दूर बीहड़ जंगल के भीतर बसे इस विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जन जाति ग्राम कुल्हाड़ीघाट में देश के तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी सन 1985 में अपने धर्मपत्नी वर्तमान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी के साथ पहुंचे थे।

# अवैध खनिज परिवहन पर सख्ती, टास्क फोर्स का आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला स्तरीय खनिज टास्क फोर्स समिति की बैठक शुक्रवार को कलेक्टर भगवान सिंह उइके की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेच, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर सहित राजस्व, वन, खदान, पर्यावरण सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मुख्य रूप से अवैध खनिज परिवहन पर अंकुश लगाने सहित राजस्व व वन विभाग की भूमिका तय की गई। साथ ही आदेश दिया गया कि खनिज परिवहन तय क्षमता से अधिक किया हुआ पाया जाने पर ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई किया जाएं। जिला स्तरीय टास्क फोर्स ने आदेश दिया कि शासकीय निर्माण कार्यों में प्रयुक्त खनिज की मात्रा तय आदेश अनुसार रहे, इसका पर्यवेक्षण किया जाए। साथ ही वन क्षेत्रों, नर्सरी व पहाड़ों से अवैध खनन, परिवहन या भंडारण होने पर वन अधिनियम तहत कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। जिला पर्यावरण विभाग ने अवैध खनन पर नजर रखने और आदेशों की जानकारी शासकीय विभागों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी तय किया। साथ ही अधिक परिवहन किए गए खनिज पर विधिवत कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने आदेश दिया गया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम दुर्गापाली तालाब के पास शराब लेकर ग्राहक तलाश रहे व्यक्ति पर सरायपाली पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम दुर्गापाली तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब रख कर बिक्री करने ग्राहकों का तलाश कर रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी डिगलाल पटेल पिता छबिलाल पटेल (39 साल) दुर्गापाली के कब्जे से 3 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# केश ढीढी बने रायपुर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष, समर्थकों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा राजिम



अभनपुर के ग्राम पंचायत गोतियारडीह के सरपंच और अभनपुर ब्लॉक के सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी को रायपुर जिला सरपंच संघ का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। ढीढी के इस निर्वाचन से उनके समर्थकों, शुभचिंतकों के साथ-साथ जिला सतनामी समाज के लोगों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी ने ढीढी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। अपने निर्वाचन पर मुकेश ढीढी ने रायपुर जिले के सभी सरपंचों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे सरपंचों के हित को प्राथमिकता देंगे और उनके सहयोग के लिए हर वक्त खड़े रहेंगे. यह भी उल्लेखनीय है कि ढीढी वर्तमान में रायपुर जिला खनिज न्यास समिति के सदस्य भी हैं।

सरपंच संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सभापति अन्नू तारक ने रविवार को अभनपुर रेस्ट हाउस पहुंचकर मुकेश ढीढी का पुष्प हार से स्वागत किया, उनका मुंह मीठा कराया और उन्हें रजिस्टर सौंपते हुए कार्यभार प्रदान किया। इस अवसर पर मुकेश ढीढी को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। बधाई देने ▶▶|शेष पेज 12 पर

### सिकल सेल दिव्यांगता शिविर 23 जून से

**गरियाबंद।** जिले में 23 जून से विकासखंड स्तर पर सिकल सेल दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रमुखतः सिकल सेल द्विव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जाएगा। साथ ही सिकल सेल के मरीजों का जांच, उपचार एवं आवश्यक सलाह दिया जाएगा। शिविर में अन्य प्रकार के द्विव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाया जाएगा। सीएमएचओ गरियाबंद ने बताया कि शिविर का आयोजन समाज कल्याण विभाग से समन्वय करते हुए किया जायेगा। सभी जगह शिविर सुबह 9 बजे से लगेगी। उन्होंने बताया कि 23 जून 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छुरा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 28 जून 2025 को जनपद पंचायत फिंगेश्वर, 30 जून को जिला अस्पताल गरियाबंद, 04 जुलाई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अमलीपदर एवं 05 जुलाई को उप स्वास्थ्य केन्द्र सीनापाली में शिविर लगाई जाएगी।

# शिक्षा में नीतिगत प्रयोग, पाठशाला बनी प्रयोगशाला, स्थिति जस की तस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

■ आज से नए शिक्षा सत्र की शुरुआत

16 जून से शिक्षा सत्र 2025-26 की शुरुआत होने जा रही है। विद्यार्थी नए सपने लिए सत्र की शुरुआत करेंगे। सरकार की भी मंशा है स्कूल को आदर्श शिक्षा के केंद्र के रूप में कार्य करे। जिसके लिए हर वर्ष को तरह इस वर्ष भी शिक्षा व्यवस्था में सुधार किए गए है। शालाओं में अतिरिक्त शिक्षकों को अन्य स्कूल स्थानांतरित किए गए है। कम दर्ज संख्या वाले स्कूल को अन्य स्कूल में समायोजन किया गया है। शासन स्तर पर इसे युक्तियुक्तकरण नाम दिया गया है। सारी कवायत शिक्षा के स्तर में सुधार के लिए किए जा रहे है। ऐसा नहीं है कि सुधार केवल ▶▶|शेष पेज 12 पर

### शासकीय स्कूल से छात्रों का रुझान कम



अलग- अलग पार्टियों की सरकार ने पाठशाला में अपने हिसाब से प्रयोग किए। स्कूल के नाम बदले गए। नाम के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। शासकीय स्कूल में स्वामी आत्मानंद नाम देकर अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई चालू करवाई गई। केंद्र शासन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षा के लिए स्कूलों को पीएमश्री का दर्जा प्रदान किया गया। कई जिलों में आईएएस एवं आईपीएस स्तर के अधिकारियों ने स्कूलों में जाकर पढ़ाई करवाई। शिक्षकों के डिजिटल उपस्थिति के लिए स्कूल में बायोमेट्रिक डिवाइस तक लगाए गए। मोबाइल ऐप से अटेंडेंस एवं पढ़ाई के लिए कई नए प्रयोग किए गए। बावजूद इसके शासकीय स्कूल से छात्रों का रुझान कम होता गया। जानकारों एवं शिक्षाविद का मानना है कि स्कूल में किए गए प्रयोग या व्यवस्था में निरंतरता का अभाव देखा गया। कार्ययोजना का क्रियान्वयन अधिकतर बार पेपर तक ही सीमित था। आवश्यकता है स्कूल में विषय विशेषज्ञ शिक्षक हो। आवश्यक संसाधन उपलब्ध रहे। शिक्षकों से गैर शिक्षकीय कार्य न करवाए जाए। पाठशाला को प्रयोगशाला न बनाया जाए।

## विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन गरीब कल्याण का ग्यारह साल

# नवभारत के निर्माण में मोदी का योगदान उल्लेखनीय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

चम्पारण मंडल के तत्वावधान में भारतीय जनता पार्टी के संकल्प से सिद्धी कार्यक्रम का संकल्प सभा के रूप में ग्राम कुम्हारी में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में क्षेत्रीय विधायक इन्द्र कुमार साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज भारत केन्द्र में भाजपा सरकार के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास कर रहा है जिसका श्रेय यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जाता है। विकासशील से विकसित भारत की ओर अग्रसर यह हमारा देश दूनिया में शिखर की ओर आगे बढ़ रहा जो हम सब भारतीयों के लिए गर्व की बात है। चाहे वह आर्थिक मामला हो या विदेश नीति या फिर सामाजिक,सांस्कृतिक या धार्मिक क्षेत्र सभी क्षेत्रों में विकास और सफलता ही नजर आता है जो मोदीजी के नेतृत्व में संभव हुआ है। सेवा सुशासन गरीब कल्याण का ग्यारह साल नवभारत के निर्माण में मील का पत्थर साबित होगा।

**मोदी सरकार की गिनाई विकास योजनाओं-** जनपद पंचायत आरंग के उपाध्यक्ष रविन्द्र रिंकू चन्द्राकर ने विभिन्न विकास योजनाओं को गिनाते हुए बतलाया कि आज स्वच्छ भारत के मिशन के तहत घर घर में शौचालय, हर घर शुद्ध पेयजल, माताओं के आंखों में आंसू न हो करके गृह लक्ष्मी योजना के तहत गैस सिलेंडर चुल्हा, मुफ्त में हर परिवार को पैंतीस किलो चावल, प्रधानमंत्री आवास का बनना यह सब नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री के ग्यारह साल की उपलब्धि है। संकल्प ▶▶|शेष पेज 12 पर

### भाजपा सरकार के नेतृत्व में चहुंमुखी विकास हो रहा



वहीं दूसरे वक्ता के रुप में क्षेत्र के भाजपा नेता टीकम चन्द साहू ने भाजपा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सन 1951में डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जन संघ की स्थापना एक राजनीतिक दल के रूप में की जो आरएसएस के विचार धारा से प्रभावित था। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत की संस्कृति, राष्ट्रवाद, देश की एकता व अखंडता और हिंदूत्व सांस्कृतिक विरासत एवं प्राचीन भारत की विचारधारा को बचाये रखना था तथा अन्त्योदय के सिद्धांत को लागू करना था। जिस पर प्रतिबंध के चलते सन 1977 में जनता पार्टी में विलय फिर सन 1980 को मुंबई के राष्ट्रीय अधिवेशन में अटल बिहारी वाजपेयी के अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। जो कश्मीर में धारा 370को हटाने, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का भव्य निर्माण तथा सीएए के साथ समान नागरिक संहिता को लागू करने के संकल्प के साथ आविर्भाव हुआ। जो आज संकल्प से सिद्धी तक हम सबके सम्मुख मोदी जी के इन ग्यारह सालों में प्रतिलक्षित हो रहा है।



# पीएम मोदी का कार्यकाल देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

भाजपा गरियाबंद जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर का मैनपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आत्मीयता से स्वागत किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा मंडल एवं क्षेत्र से पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर राज्य के विष्णुदेव सरकार एवं केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाकर लोगों को ज्यादा से ज्यादा इसका लाभ दिलाने का आह्वान किया और पार्टी संगठन की गतिविधियों की जानकारी लिया। इस दौरान भाजपा जिलाअध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने कहा कि केन्द्र सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के 11 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए रहा है। उन्होने कहा कि देश की ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### मां के नाम एक पेड़ अभियान का शुभारंभ

**छुईहा बेलर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अभियान के तहत मां के नाम एक पेड़ सहकारी समिति अध्यक्ष एवं कर्मचारी ने समीति परिषर एवं ग्राम पंचायत चरौदा सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सुरज पटेल ने शुभारंभ किया। इस मौके पर अध्यक्ष सहकारी समिति चरौदा इतवारी राम सिन्हा, सरपंच गजानंद साहू, उपसरपंच सुरज पटेल, भागवत सिन्हा, आसकरण दिवान, इंदू राम यादव, पोषणलाल पटेल, अंगद राम वर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी लीना साहू, हेमन साहू, रूपेद्र साहू आपरेटर, संतु, रविन्द्रख, सोमनाथ उपस्थित थे।

### फिंगेश्वर विकासखंड, उपसरपंच संघ के अध्यक्ष बने महेश साहू



**फिंगेश्वर।** जनपद पंचायत फिंगेश्वर के ग्राम पंचायतों में बने उपसरपंचों की बैठक आहुत हुई जिसमें सर्वसम्मति से महेश साहू पतोरी को अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इसी प्रकार अन्य पदाधिकारियों का गठन किया गया जिसमें संरक्षक पद के लिए ज्ञानेश शर्मा, परसदाजोशी, प्रमोद साहू जेंजरा, उपाध्यक्ष डिगेश साहू भसेरा, महिला उपाध्यक्ष नीतू बंजारे कोमा, सचिव पोखराज साहू रवेली, कोशाध्यक्ष विनोद टंडन रोहिना, मिडिया प्रभारी सूरज पटेल चरोदा, सहकोशाध्यक्ष हीरालाल साहू, बहेरापाल एवं सहसचिव भुनेश्वरी साहू को चुना गया है। संघ के द्वारा सभी पदाधिकारियों को बधाई देकर अपनी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की उपसरपंचों ने अपील किया है। इस अवसर पर विकासखंड के सरपंच संघ के अध्यक्ष हरिश साहू भी उपस्थित थे।

### वार्ड 9 में पार्षद निधि से बोर खनन शुरू



**फिंगेश्वर।** नगर के गोकुलधाम वार्ड 9 में पार्षद निधि से वार्ड पार्षद शांति कोसरे के द्वारा पानी की समस्याओं को लेकर बोरखनन कराया गया। विधिवत पूजा पाठ करके बोर खनन के कार्य का शुंभारंभ किया गया। इस अवसर पर पार्शद शांति कोसरे के साथ वार्ड की महिलाएं उर्मिला साहू, शीला यादव,अहिल्या बंजारे आदि शामिल रहीं।

## निधन

### हेमंत दीवान



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खड़मा निवासी शिक्षक हेमंत दीवान का रविवार 15 जून को निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया, उनके अंतिम संस्कार में ग्राम के गणमान्य नागरिक सहित परिजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## समारोह : पैरी गंगा कॉलेज में पूर्व छात्र- छात्राओं के सम्मान समारोह में सांसद एवं विधायक हुए शामिल

# लक्ष्य पाने की जिद से मिलती है सफलता : सांसद चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

मैनपुर स्थित पैरी गंगा महाविद्यालय में रविवार को पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी, विशेष अतिथि बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव, कार्यक्रम की अध्यक्षता उमादेवी बहुउददेशीय शिक्षा एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष अजय मिश्रा, भाजपा महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सदस्य रेल्वे बोर्ड भारत सरकार विभा अवस्थी, सरपंच ग्राम पंचायत मैनपुरकला गजेन्द्र नेगी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान इस विद्यालय में स्थापना वर्ष 2003 से लेकर अब तक पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। ज्ञात हो कि इस महाविद्यालय में अध्ययनरत 250 से ज्यादा छात्र-छात्राएं सरकारी नौकरी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर विराजमान है। आज उन सभी छात्र-छात्राओं का सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव द्वारा शिल्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया, गरिमामय कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपना अनुभव बताया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि एवं महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि 23 साल पूर्व मैनपुर में पैरी गंगा महाविद्यालय का शुभारंभ किया गया निश्चित रूप से आज यहां सभी पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित हैं और सब एक-दूसरे से मुलाकात काफी खुश नजर आ रहे हैं मुझे इस कार्यक्रम में आकर बहुत ही खुशी हो रही है। मुझे अपने स्कूल, कालेज का दिन याद आ गया सभी को अपने स्कूल कॉलेज का दिन काफी अच्छा लगता है। उन्होने कहा कि इस महाविद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राएं आज शासकीय नौकरी के साथ व्यवसाय व अन्य क्षेत्रों में महत्वूपर्ण उपलब्धि हासिल किए हैं, श्रीमती चौधरी ने कहा कि परिस्थिति चाहे जैसे भी हो कडी मेहनत और लगन तथा लक्ष्य को पाने की जिद से सफलता हासिल की जा सकती है। निश्चित रूप से यह सफलता इस महाविद्यालय के लिए गर्व का विषय है उन्होने सभी छात्र छात्रओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।

■ कॉलेज में पढ़ाई करने वाले 250 से ज्यादा छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मान





### 250 से ज्यादा छात्र -छात्राएं विभिन्न संस्थानों में दे रहे सेवाएं

विधायक ने उन्होने बताया कि इस महाविद्यालय में अध्यनरत 250 से ज्यादा छात्र -छात्राएं विभिन्न संस्थानों में आज सेवाएं दे रहे हैं जब कभी मिलते है तो बड़ा गर्व महसूस होता है। उन्होने का कि इस क्षेत्र की जनता ने बहुत सहयोग किया जिसका हम सदा आभारी रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक डोमार पटेल एवं आभार प्रदर्शन संस्था के सचिव संगीता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, संस्था के कोषाध्यक्ष संदीप सिंह, मोहित द्विवेदी, प्राचार्य हेमंत नेताम, मैनपुर सरपंच हनीता नायक, रवि कुमार, जन स्वामी, राजू वैष्णव, आर्या मिश्रा, सुनिता नेताम, नंदकिशोर चौबे, योगेश्वरी, रोमेश कुमार बंछोर, संतोष गुप्ता, ओमप्रकाश कोमर्रा, योगेन्द्र यादव, खेलन साहू, डोमार साहू, महेश कश्यप, दुलार सिन्हा, नंदनी नेताम, रामस्वरूप साहू, महेन्द्र सोनी थे।

### मिलजुलकर कार्य करने की जरूरत

विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के जीवन में बहुत अनिवार्य है। शिक्षा हमें हर क्षेत्र में आगे बढने की प्रेरणना देता है। उन्होने कहा कि कोई भी क्षेत्र के बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे इसके लिए हम सब को मिलजुलकर कार्य करने की जरूरत है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि भाजपा महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व सदस्य रेल्वे बोर्ड भारत सरकार विभा अवस्थी ने कहा कि 2003 में जब यहां पैरी गंगा महाविद्यालय प्रारंभ किया गया उस समय क्षेत्र में उच्च शिक्षा की बेहद जरूरत थी इस क्षेत्र के छात्र- छात्राओं को सीट की कमी के कारण गरियाबंद और नगरी में भी दाखिला नहीं मिल पाता था ऐसे समय में यहा पैरी गंगा महाविद्यालय इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं के लिए काफी मददगार साबित हुआ।

# सुकमा ईडी कार्रवाई, कांग्रेस ने फूंका पुतला



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

सुकमा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के विरोध में गरियाबंद जिला कांग्रेस ने इडी का पुतला फूंक किया। प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष भावसिंह साहू की अगुवाई में गरियाबंद तिरंगा चौक पर एकजुट होकर प्रदर्शन किया।



कांग्रेसियों ने इडी पर राज्य और केंद्र सरकार का पिट्ठू होने का आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी किया। उनके अनुसार, सुकमा स्थित कांग्रेस कार्यालय पर किया गया अटैचमेंट आदेश राजनीतिक प्रेरित, द्वेषपूर्ण और लोकतंत्र पर हमला है। कार्यक्रम में वीरू यादव, सन्नी मेमन, राजेश साहू, छगन यादव, रमन कुकरेजा, दिलेश्वर देवांगन, अमित मिरी, मुकेश पांडेय, मुकेश भोई,राम कुमार शर्मा, खोवा लाल सिन्हा, प्रहलाद यादव, कन्हैया सिन्हा, नीकी यादव, देवेंद्र यादव, चिंटू यादव सहित अनेक कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

# सुरूजबाई खांडे जयंती पर 'पुरखौती परंपरा' संग नवागत पीढ़ी का भरथरी मंचन, खेम सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध भरथरी गायिका स्वर्गीय सुरूजबाई खांडे की 76वीं जयंती के अवसर पर, उनके पुण्य स्मरण के तौर पर प्रदेश के विभिन्न शहरों में लोकगाथा भरथरी का नाटक शैली में विशेष मंचन किया जा रहा है। यह आयोजन 'पुरखौती परंपरा संग नवागत पीढ़ी' के तहत किया गया, जिसमें युवा कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। इस विशेष मंचन में गरियाबंद जिले के लोहरसिंग ग्राम के युवा संगीतकार खेम यादव ने अपने हारमोनियम वादन से सबका मन मोह लिया। रायपुर, भिलाई और दुर्ग के सफल मंचन के बाद, शनिवार और रविवार को



राजनांदगांव में भरथरी नाटक शैली का विशेष मंचन हुआ, जहां खेम यादव को प्रसिद्ध गायिका कविता वासनिक और पंथी कलाकार राधे श्याम बारले के हाथों सम्मानित किया गया। आकाशवाणी उद्घोषक और मंच संचालक आर जे नमित ने अपनी प्रभावी मंच संचालन से पूरे कार्यक्रम में समां बांध दिया। नाटक में निधि साहू ने चंपा चैली की भूमिका, दीपक ध्रुव ने काला मिरगा और सेउक की भूमिका, जबकि मिथुन खोटे ने मुख्य भूमिका राजा भरथरी को जीवंत किया। कलाकारों ने इस अवसर पर बताया कि राज्य के संस्कृति विभाग के सहयोग से गरियाबंद की संस्था रंग सरोवर द्वारा लोक नाट्य शैली में भरथरी वैराग्य की गाथा का इतिहास में यह पहली बार मंचन हो रहा है, क्योंकि अब तक सिर्फ भरथरी गीत की प्रस्तुति होती रही है। भरथरी नाटक का आलेख, गीत, संगीत और निर्देशन छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध रंगकर्मी भूपेंद्र साहू ने किया है। यह मंचन दर्शकों के लिए एक भावनात्मक अनुभव रहा, क्योंकि लोकगाथाओं को संगीतमय गीत के रूप में प्रस्तुत करना और उसे नाट्य शैली में पहली बार पेश करना, कहानी को और अधिक जीवंत बना देता है। यह न केवल मनोरंजन प्रदान करता है, बल्कि दर्शकों को उनके मूल्यों, विश्वासों और इतिहास से भी गहराई से जोड़ता है। इस पहल से क्षेत्र के कलाकारों को बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है।

# अहमदाबाद हवाई हादसा, सिरजन ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

विगत 11 वर्षों से प्रदेश और जिला स्तर पर संचालित लोक कला संस्कृति परम्परा को बचाने और कलाकारों के उत्थान के लिए संकल्पित संस्था सिरजन प्रांताध्यक्ष डॉ. दीनदयाल साहू भिलाई, केन्द्रीय प्रतिनिधि डॉ. ईश्वर तारक रायपुर के कुशल निर्देशन में संस्था के संचालन के लिए 14 जून को जिला सिरजन लोक कला एवं साहित्य संस्था जिला गरियाबंद का बैठक सुप्रसिद्ध दैवीय स्थल और पर्यटन स्थल पर सम्पन्न हुआ। जिसमें विशेष रुप से 12 जून को अहमदाबाद में हुए वायुयान घटना में दिवंगत हुए लोगों के लिए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई एवं इस वर्ष सिरजन महोत्सव में घोषित भवन के लिए विधायक रोहित साहू से मुलाकात करने की बात की गई।इसमें नये पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। इसमें संरक्षक सेवक ठाकुर विजयपुर छुरा,अध्यक्ष तुलेश्वर घृतलहरे ग्राम सेन्दर फिन्गेश्वर, उपाध्यक्ष महेश्वरी सिन्हा बेलरदोना मगरलोड,कोषाध्यक्ष गिरवर सिंह धुरव कोसमबुडा गरियाबंद, सचिव बाबूलाल साहू फुलझर–घटारानी,सहसचिव रुक्मणी दीवान बेलरदोना मगरलोड को पद भार सौंपा गया।

इसके साथ ही साथ अन्य पदों और दायित्वों के लिए संयोजक सलाहकार, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठों की नियुक्ति सक्रिय और ऊर्जावान कलाकारों को किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 की संख्या में कलाकार, साहित्यकार मौजूद रहे जिसमें संगठन के प्रधान संरक्षक सेवा निवृत करारोपण अधिकारी और साहित्यकार नूतन लाल साहू पाण्डुका, संस्थापक गौकरण मानिकपुरी फुलझर, जिला सिरजन साहित्य परिषद के अध्यक्ष हलधर नाथ जोगी कोपरा, पूर्व सचिव यश कुमार साहू, पूर्व उपाध्यक्ष गंगा बाई मानिकपुरी शुक्ला भांठा मगरलोड, चैतू राम तारक, छुरा ब्लाक ईकाई प्रमुख पवन घृतलहरे पोंड, यशोमति सेन बोरिद फिन्गेश्वर, समुन्दा सिन्हा मडेली, भागवत सेन, महेश निर्मलकर, मणी राम, हेमलाल, चिन्ता राम, खेलावन निषाद, खेलावन निषाद, प्रकाश दास मानिकपुरी, डगेश्वर दास मानिकपुरी, कुमारी दुर्गा निषाद, रेखा गोस्वामी, विजय पटेल दशरथ तारक, नंदकुमार ध्रुव, जोहत राम सिन्हा, दौलत यादव, ठाकुर राम साहू, रिखी राम, जयसिंह दीवान, दुष्यंत साहू, घटारानी जन विकास समिति धसकुल के प्रमुख सन्तोष कुमार दीवान, परमेश्वर दीवान, धनेश ध्रुव, पुजारी धनसिंग ध्रुव, राजू गिरी गोस्वामी, सेवक परस ध्रुव, तोरण गंधर्व आदि की गरियामय उपस्थिति रही।



# पुरानी परंपरा कायम, रविवार को हल-ट्रैक्टर चलाना बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रसेला

अंचल के कई गांवों में आज भी कई वर्षों से चली आ रही पुरानी परंपराओं को गांव के ग्रामीण निभाते आ रहे हैं। जिस प्रकार शासकीय कार्यालयों और बैंक में रविवार को अवकाश घोषित रहता है, उसी प्रकार ग्राम रसेला में कृषि कार्य में रविवार को हल या ट्रेक्टर चलाना प्रतिबंध रहता है। कोई भी अगर धोखे से हल या ट्रेक्टर रविवार को चलाते पाया जाता है, तो उसे गांव के नियम के अनुसार उस नियम का पालन करना पड़ता है। इस दिन चाहे कुछ भी हो जाए किसान नागर या ट्रेक्टर नहीं चलाते। क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद भी मानसून मेहरबान नहीं हुआ है। झमाझम बारिश के इंतजार किसान कर रहे हैं। रसेला के किसान बोआई का काम शुरुआत कर चुके हैं, और ऐसे कई कृषक है जो पानी नहीं गिरने कारण बुआई नहीं कर पा रहे हैं। किसान भागवत सिन्हा, मकरम ठाकुर, केशुराम ध्रुव, रवि चन्द्राकार, कल्याण सिंह ठाकुर, अशोक ठाकुर, तेजराम साहू, दुकालू राम साहू, ठाकुर राम चन्द्राकार ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि आषाढ़ माह के 15 तारीख तक मानसून क्षेत्र में आ जाएगा, मगर बारिश को लेकर आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए किसान देख रहे हैं। पिछले 15 दिनों से भीषण गर्मी के चलते लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। मौसम को देखते हुए किसान खेत खलिहान में पड़े पशु चारे को वर्षा के पूर्व सुरक्षित करने इन दिनों पैरा रखने का कार्य भी कर रहे हैं।



## सशक्त और सुरक्षित भारत की दिशा में बढ़ते कदम

# जिले में मोदी सरकार की 11 वर्षों की यात्रा पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर के मंगल भवन में प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों की उपलब्धि, विकसित भारत की संकल्पना और सशक्त भारत सुरक्षित भारत के विषय पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा महामंत्री संजय श्रीवास्तव थे। प्रोफेशनल मीट में उन्होंने केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियां का बखान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते 11 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को केंद्र में रखते हुए विकास की नई ऊंचाइयों को छुआ है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र से हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा गया। गरीब कल्याण योजनाओं, किसानों को आर्थिक मदद, महिलाओं के सशक्तिकरण, हेल्थ सेक्टर, शिक्षा और आधारभूत संरचना में अभूतपूर्व विकास हुआ है। देश आज आत्मनिर्भर, सुरक्षित और विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध है।

**सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण–** कार्यक्रम में राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस विकसित भारत का सपना देश के सामने रखा है, वह महज आर्थिक प्रगति का लक्ष्य नहीं, बल्कि हर गांव, हर घर तक समृद्धि, समान अवसर, और सुरक्षित जीवन सुनिश्चित करने की दिशा में एक व्यापक दृष्टिकोण है। यह सपना केवल सरकार की योजनाओं से नहीं, बल्कि हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी और कर्तव्य पालन से ही साकार होगा। हमें मोदी जी द्वारा दिए गए पंच प्रण को अपनाना होगा। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा की सशक्त भारत, सुरक्षित भारत यह भाजपा की राष्ट्र नीति और जनकल्याण संकल्प का प्रतीक है।

### देश आज समृद्धि के दिशा में आगे बढ़ रहा




उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और समाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। सीमाएं सुरक्षित हुई हैं, सेना को मजबूती मिली है और योजनाएं आम जनता तक पहुंच रही हैं। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनें और भाजपा की नीति को जन-जन तक पहुंचाएं। इसके पहले कार्यक्रम को भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकरने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश आज समृद्धि के दिशा में आगे बढ़ रहा है। कांग्रेस ने वर्षों से देश को अभाव में रखा। कार्यक्रम का संचालन आशीष शर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू, रामकुमार साहू, वरिष्ठ नेता बलदेव सिंह हुंदल, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, पूर्व अध्यक्ष गफ्फू मेमन, मुरलीधर सिन्हा, अनूप भोसले, सुरेंद्र सोनटेके, सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, उपाध्यक्ष लेखराम साहू, राधेश्याम सोनवानी, अजय रोहरा, सागर मयाणी, परस देवांगन वंश सिन्हा, अमित वखारिया, हिरेन्द साहू थानसिंह निषाद,वेणु डोंगरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

